भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1174**

11 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ

**विषयः- मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना**

**1174. श्री अनूप संजय धोत्रेः**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने की योजना के अंतर्गत निर्धारित मानदण्डों सहित मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की प्रमुख विशेषताएं और उद्देश्य/प्रयोजन क्या हैं;

(ख) इस योजना के आरंभ से अब तक देश भर में किसानों को जारी किए गए मृदा स्वास्थ्य कार्डों की संख्या कितनी है, तत्संबंधी वर्षवार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश में सभी किसानों को इस योजना के अंतर्गत शामिल करने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस योजना की अब तक की उपलब्धि क्या है; और

(घ) केन्द्र सरकार द्वारा उक्त योजना के अंतर्गत राज्यों को प्रदान की गई निधियों और उक्त योजना के प्रारंभ से लेकर अब तक राज्यों द्वारा उनके उपयोग संबंधी दी गई जानकारी का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

**(क) से (ग):** सरकार वर्ष 2014-15 से मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना को क्रियान्वित कर रही है, जिसका उद्देश्य सभी भू-जोतों के लिए सॉइल हेल्थ कार्ड (एस.एच.सी.) उपलब्ध कराने में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता करना है। एस.एच.सी. संतुलित और एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन को बढ़ावा देता है, जैविक खाद और जैव-उर्वरकों के साथ-साथ द्वितीयक और सूक्ष्म पोषक तत्वों सहित रासायनिक उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग पर सिफारिशें देता है। दिशा-निर्देशों के अनुसार, राज्य सरकारें/केंद्र शासित प्रदेश वार्षिक कार्य योजनाएँ तैयार करते हैं, जो चयनित जिलों में शामिल की जाने वाली भूमि जोतों की संख्या को इंगित करती हैं, ताकि मृदा के नमूने लिए जा सकें और उनका परीक्षण किया जा सके।

मृदा के नमूने एकत्र करने का आदर्श समय एक फसल की कटाई और अगली फसल की बुवाई/रोपण के बीच का होता है, जब खेत खाली होते हैं। नमूने एक मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से एकत्र किए जाते हैं, जिसमें एक यूनीक क्यूआर कोड और जियो-टैगिंग होती है। मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं में परीक्षण के बाद, किसानों को एस.एच.सी. जारी किए जाते हैं।

योजना के आरंभ से लेकर अब तक किसानों को जारी किए गए सॉइल हेल्थ कार्ड्स का वर्षवार और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** पर दिया गया है। पिछले दो वर्षों के दौरान विभिन्न राज्य सरकारों/ केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त वार्षिक कार्य योजना के अनुसार एकत्रित, परीक्षण किए गए सॉइल हेल्थ कार्ड्स और तैयार किए गए सॉइल हेल्थ कार्ड्स का ब्यौरा **अनुबंध-II** पर दिया गया है।

**(घ):** इस योजना के अंतर्गत, इसके आरंभ से लेकर अब तक राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों को 1710 करोड़ रुपये का फंड जारी किया जा चुका है। इस जारी फंड में से राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा 06.02.2025 तक 1368 करोड़ रुपये के उपयोग की सूचना दी गई है। राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण **अनुबंध-III** पर दिया गया है।

**अनुबंध-I**

**मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना की वार्षिक कार्य योजना के अनुसार किसानों को जारी किए गए सॉइल हेल्थ कार्ड का विवरण**

| क्रम सं. | राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश | किसानों को जारी किए गए एस.एच.सी. की संख्या | | | | | | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | चक्र–I (2015-17) | चक्र-II (2017-19) | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 10000 | 9540 | 1007 | 3000 | वर्ष 2021-22 के लिए राज्यों को मृदा नमूनों के लिए कोई फंड आवंटित नहीं किया गया है। | 2850 | 604 | 469 | 27470 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 7455204 | 6927733 | 226487 | - | | - | 258666 | 333477 | 15201567 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 20532 | 44256 | 5432 | 53 | | - | 2275 | 47842 | 120390 |
| 4 | असम | 1300901 | 1296197 | 67860 | - | | - | 294860 | 414215 | 3374033 |
| 5 | बिहार | 6469650 | 6277942 | 123866 | 333359 | | 1510587 | 249922 | 335342 | 15300668 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 3890709 | 5514508 | 65341 | 5317 | | - | 160922 | 173811 | 9810608 |
| 7 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 2222 | 12994 | 581 | - | | - | - | - | 15797 |
| 8 | गोवा | 25000 | 19550 | 2909 | 6556 | | 9033 | 8783 | 3619 | 75450 |
| 9 | गुजरात | 5108923 | 8671152 | 63591 | - | | 88422 | 177105 | 369500 | 14478693 |
| 10 | हरियाणा | 4227238 | 4143900 | 25605 | 18972 | | 600000 | 297772 | 461453 | 9774940 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 385011 | 960765 | 19671 | 25152 | | 24134 | 12370 | 74083 | 1501186 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 692062 | 1014182 | 56742 | 77519 | | 186890 | 57813 | 79502 | 2164710 |
| 13 | झारखंड | 637507 | 263815 | 24037 | - | | - | 111010 | 177033 | 1213402 |
| 14 | कर्नाटक | 7832189 | 9073145 | 73221 | 105546 | | 177359 | 221427 | 215880 | 17698767 |
| 15 | केरल | 763435 | 2319002 | 126540 | 118022 | | - | - | 72493 | 3399492 |
| 16 | लद्दाख | - | - | 1718 | - | | - | 442 | 131 | 2291 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 8872377 | 8907385 | 127585 | 168454 | | 168208 | 452841 | 674267 | 19371117 |
| 18 | महाराष्ट्र | 12977232 | 13067735 | 201837 | - | | 206153 | 239378 | 302082 | 26994417 |
| 19 | मणिपुर | 114522 | 114522 | 10010 | 4147 | | 7800 | - | 339 | 251340 |
| 20 | मेघालय | 209561 | 216659 | 3243 | 14195 | | - | 13000 | 10542 | 467200 |
| 21 | मिजोरम | 11986 | 16458 | 2119 | - | | 2857 | 5170 | 5101 | 43691 |
| 22 | नागालैंड | 184797 | 12000 | 27304 | - | | 14800 | 14752 | 109607 | 363260 |
| 23 | ओडिशा | 2374233 | 2047308 | 440927 | 142078 | | 325484 | 14163 | 309183 | 5653376 |
| 24 | पुदुचेरी | 19594 | 12089 | 2508 | 3006 | | - | 3002 | 1162 | 41361 |
| 25 | पंजाब | 1251726 | 1160568 | 19196 | 19196 | | 168745 | 68672 | 31409 | 2719512 |
| 26 | राजस्थान | 6886000 | 12079000 | 104774 | - | | 154429 | 268495 | 327720 | 19820418 |
| 27 | सिक्किम | 46000 | 66000 | 2936 | - | | 3000 | 15009 | 57862 | 190807 |
| 28 | तमिलनाडु | 7000000 | 7016654 | 58317 | 357000 | | 134050 | 250400 | 373237 | 15189658 |
| 29 | तेलंगाना | 5720737 | 4842509 | 110664 | 165527 | | - | - | 28852 | 10868289 |
| 30 | त्रिपुरा | 117723 | 158337 | 15002 | 6816 | | 20000 | 15212 | 12088 | 345178 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 17014573 | 20354551 | 255517 | 28109 | | 392257 | 485022 | 826000 | 39356029 |
| 32 | उत्तराखंड | 750494 | 882797 | 13645 | 81876 | | 25305 | 52368 | 62614 | 1869099 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | 5040510 | 4423049 | 91360 | - | | - | 326095 | 135182 | 10016196 |
| कुल | | 10,74,12,648 | 12,19,26,302 | 23,71,552 | 16,83,900 | | 42,22,363 | 40,77,550 | 60,26,097 | 24,77,20,412 |

**अनुबंध- II**

मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना के अंतर्गत पिछले दो वर्षों (वर्ष 2023-24 एवं 2024-25) के दौरान लक्ष्य, नमूना संग्रहण एवं सॉइल हेल्थ कार्ड सृजन का विवरण

(संख्या)

| क्र. सं. | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | 2023-24 | | | 2024-25 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | एकत्र किए गए नमूने | सृजित एस.एच.सी. | लक्ष्य | एकत्र किए गए नमूने | सृजित एस.एच.सी. (06.02.2025 तक) |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 1000 | 913 | 604 | 10000 | 8832 | 469 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 647453 | 278564 | 258666 | 450000 | 429602 | 333477 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2250 | 2320 | 2275 | 100000 | 88280 | 47842 |
| 4 | असम | 298482 | 298286 | 294860 | 613033 | 592409 | 414215 |
| 5 | बिहार | 200000 | 249922 | 249922 | 500000 | 464109 | 335342 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 160000 | 161530 | 160922 | 175000 | 174316 | 173811 |
| 7 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | - | - | - | 3041 | - | - |
| 8 | गोवा | 9400 | 9050 | 8783 | 12000 | 9895 | 3619 |
| 9 | गुजरात | 180650 | 178664 | 177105 | 625513 | 614358 | 369500 |
| 10 | हरियाणा | 300000 | 299522 | 297772 | 600000 | 578241 | 461453 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 12000 | 12370 | 12370 | 74000 | 74084 | 74083 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 54000 | 58429 | 57813 | 81333 | 79898 | 79502 |
| 13 | झारखंड | 123400 | 120034 | 111010 | 238370 | 214877 | 177033 |
| 14 | कर्नाटक | 284829 | 221427 | 221427 | 268000 | 216236 | 215880 |
| 15 | केरल | 136800 | - | - | 112000 | 109905 | 72493 |
| 16 | लद्दाख | 4000 | 3266 | 442 | 5000 | 2898 | 131 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 1246700 | 553221 | 452841 | 1245111 | 991070 | 674267 |
| 18 | महाराष्ट्र | 296000 | 255776 | 239378 | 301000 | 509140 | 302082 |
| 19 | मणिपुर | 15000 | 164 | - | 32527 | 390 | 339 |
| 20 | मेघालय | 13000 | 13000 | 13000 | 25000 | 16562 | 10542 |
| 21 | मिजोरम | 5171 | 5170 | 5170 | 30000 | 18534 | 5101 |
| 22 | नागालैंड | 14800 | 14831 | 14752 | 111000 | 110576 | 109607 |
| 23 | ओडिशा | 570000 | 100012 | 14163 | 570000 | 309208 | 309183 |
| 24 | पुदुचेरी | 3000 | 3002 | 3002 | 3000 | 2898 | 1162 |
| 25 | पंजाब | 150000 | 119791 | 68672 | 250000 | 243199 | 31409 |
| 26 | राजस्थान | 300000 | 272920 | 268495 | 353000 | 340959 | 327720 |
| 27 | सिक्किम | 15000 | 15009 | 15009 | 60000 | 58765 | 57862 |
| 28 | तमिलनाडु | 250400 | 250630 | 250400 | 400000 | 399980 | 373237 |
| 29 | तेलंगाना | 300000 | - | - | 159000 | 113679 | 28852 |
| 30 | त्रिपुरा | 20000 | 16842 | 15212 | 40000 | 29922 | 12088 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 750000 | 485035 | 485022 | 826000 | 826000 | 826000 |
| 32 | उत्तराखंड | 52368 | 52368 | 52368 | 100570 | 100510 | 62614 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | 333900 | 332969 | 326095 | 400000 | 276241 | 135182 |
| कुल | | 67,49,603 | 43,85,037 | 40,77,550 | 87,73,498 | 80,05,573 | 60,26,097 |

**अनुबंध-III**

मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना के अंतर्गत वर्ष 2014-15 से 2024-25 तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार जारी फंड का विवरण तथा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा सूचित उपयोग/व्यय

(रुपये लाख में)

(06.02.2025 तक)

| क्रम सं. | राज्य का नाम | जारी | व्यय |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 57.48 | 39.48 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 12327.11 | 10354.23 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 971.49 | 913.49 |
| 4 | असम | 7338.57 | 3970.57 |
| 5 | बिहार | 6525.87 | 5891.30 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 5134.24 | 4476.72 |
| 7 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 10.41 | 8.70 |
| 8 | गोवा | 328.73 | 237.54 |
| 9 | गुजरात | 6533.45 | 5622.45 |
| 10 | हरियाणा | 4769.06 | 4165.07 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 2010.04 | 1818.05 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 2416.02 | 2163.02 |
| 13 | झारखंड | 2385.26 | 608.91 |
| 14 | कर्नाटक | 11807.64 | 9684.84 |
| 15 | केरल | 1098.89 | 855.89 |
| 16 | लद्दाख | 87.34 | 78.34 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 17908.72 | 15389.53 |
| 18 | महाराष्ट्र | 14323.87 | 13204.87 |
| 19 | मणिपुर | 856.64 | 761.64 |
| 20 | मेघालय | 935.61 | 606.10 |
| 21 | मिजोरम | 594.01 | 462.01 |
| 22 | नागालैंड | 6018.61 | 4124.61 |
| 23 | ओडिशा | 5205.59 | 4896.59 |
| 24 | पुदुचेरी | 144.04 | 134.04 |
| 25 | पंजाब | 2932.35 | 1524.20 |
| 26 | राजस्थान | 7934.93 | 5869.41 |
| 27 | सिक्किम | 1751.28 | 1351.28 |
| 28 | तमिलनाडु | 10140.77 | 6632.77 |
| 29 | तेलंगाना | 8030.11 | 4683.33 |
| 30 | त्रिपुरा | 1561.62 | 1091.23 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 20770.75 | 18563.84 |
| 32 | उत्तराखंड | 2419.98 | 1999.89 |
| 33 | पश्चिम बंगाल | 5672.25 | 4669.52 |
| कुल | | 1,71,002.69 | 1,36,853.42 |

*****